संपादकीय

# भाजपा के लिए खतरे की घंटी

देश के सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के आए नतीजों में 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने भाजपा को करारा झटका देते हुए 10 सीटें जीत लीं।

भाजपा दो सीट ही जीत सकी जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार की जीत हुई। पश्चिम बंगाल की चार, हिमाचल प्रदेश की तीन, उत्तराखंड की दो, पंजाब, मध्य प्रदेश, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक सीट के लिए चुनाव हुआ था। इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस, 'आप', टीएमसी और द्रमुक ने अपने उम्मीदवार उतारे थे।

नतीजों से इंडिया गठबंधन के घटक दल गद्गद् हैं, और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाजरुन खरगे ने नतीजों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दावा कि लोगों ने भाजपा के अहंकार, कुशासन और नकारात्मक राजनीति को नकार दिया है और नतीजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की गिरती राजनीतिक साख का प्रमाण हैं। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट करके इन नतीजों पर मतदाताओं का आभार जताया है।

खास बात यह रही कि उत्तराखंड, हिमाचल और पंजाब में जनता ने पाला बदलने वाले नेताओं को नकार दिया। उत्तराखंड की दोनों सीटें कांग्रेस ने जीत लीं। सर्वाधिक चर्चा प्रसिद्ध तीर्थस्थल बद्रीनाथ सीट की है, जहां कांग्रेस अपनी सीट बरकरार रखने में सफल रही। यहां भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़े राजेंद्र सिंह भंडारी कांग्रेस के सिटिंग विधायक थे लेकिन पाला बदल कर भाजपा में जा मिले।

भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बना दिया लेकिन कांग्रेस के लखपत सिंह बुटोला ने उन्हें पराजित कर दिया। हिमाचल प्रदेश में भी रोचक परिदृश्य उभरा है। देहरा सीट से मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू की पत्नी कमलेश जीतीं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को हराया। प्रदेश में पहली बार होगा जब पति-पत्नी सदन में साथ होंगे। कांग्रेस के विधायक 40 हो गए हैं, जबकि भाजपा की 28 सीटें हैं।

फरवरी में राज्य सभा चुनाव के वक्त विधायकों की बगावत से कांग्रेस की सरकार पर संकट के बादल मंडराने लगे थे, जो टल गया है। मध्य प्रदेश में कमलनाथ के गढ़ माने जाने वाले छिंदवाड़ा क्षेत्र में भाजपा ने कांग्रेस को फिर झटका देते हुए अमरवाड़ा सीट जीत ली। पश्चिम बंगाल में दीदी का जलवा कायम है, और टीएमसी ने चारों सीटें जीत लीं।

भाजपा से तीन सीटें छीनी हैं। बेशक, नतीजे भाजपा के लिए खतरे की घंटी हैं, जिनका उप्र में विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव तथा हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के आसन्न असेंबली चुनाव पर निश्चित असर दिखेगा।

# बजट को लेकर नोएड़ा में 20 हजार से ज्यादा एमएसएमई उद्यमी उत्साहित

**नोएडा**



मोदी सरकार 3.0 के पहले आम बजट को लेकर उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर के 20 हजार से ज्यादा एमएसएमई के उद्यमी काफी ज्यादा उत्साहित हैं।

उनका मानना है कि इस बार का यह बजट आर्थिक विकास को और ज्यादा बढ़ावा देने के लिए होगा। इससे एमएसएमई को काफी फायदा मिलने की उम्मीद है। किसी भी देश के विकास को अगर बढ़ाना है तो एमएसएमई सेक्टर पर सरकार को ज्यादा ध्यान देना होगा। यही देश की रीढ़ होती है।

गौतमबुद्ध नगर जिले में सिर्फ नोएडा में ही 13 से 14 हजार एमएसएमई इंडस्ट्रीज काम कर रही हैं। जिनमें कई हजारों लोगों का परिवार पलता है। इसके अलावा अगर ग्रेटर नोएडा को भी मिला लिया जाए तो जिले भर में 20 हजार से ज्यादा एमएसएमई इंडस्ट्री चल रही है।

इसके साथ ही नोएडा, उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में ओडीओपी प्रोडक्ट में अपैरल पार्क के नाम से मशहूर है। यहां पर कपड़ा उद्योग से जुड़ी कई फैक्ट्रियां हैं और देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी यहां से सप्लाई होती है।

एमएसएमई उद्योग से जुड़े उद्योगपतियों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना बैंक के ब्याज दरों से करना पड़ता है। नोएडा में एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा का कहना है कि एमएसएमई सेक्टर को सबसे ज्यादा दिक्कत बैंकों से होती है और वित्त मंत्रालय को इन बैंकों पर लगाम लगानी चाहिए। इसके इंटरेस्ट रेट को रेगुलराइज करना चाहिए।

सुरेंद्र नाहटा के मुताबिक, बड़े उद्योगपतियों को तो बैंक से सात से आठ परसेंट पर ही आसानी से ब्याज मिल जाता है, लेकिन छोटे उद्योगपतियों को 13, 14 और 15 प्रतिशत पर बैंक ब्याज देते हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस बार एमएसएमई सेक्टर को कई सौगात मिलने वाली है। जिसमें बढ़े हुए इंटरेस्ट पर भी लगाम लगने की उम्मीद है।

## बजट में आम आदमी को बड़ी राहत, इनकम टैक्स में हुई कटौती, 3 लाख तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं

**नई दिल्ली**




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से मंगलवार को बजट पेश किया गया। बजट में आम आदमी को बड़ी राहत दी गई। सरकार ने नई टैक्स रिजीम में पर्सनल इनकम टैक्स की दरों में कटौती की है।

अब, नई टैक्स रिजीम के तहत 0 से 3 लाख रुपए तक की आय पर शून्य टैक्स लगेगा। 3 से 7 लाख रुपए तक की आय पर 5 प्रतिशत, 7 से 10 लाख रुपए तक की आय पर 10 प्रतिशत, 10 से 12 लाख रुपए तक की आय पर 15 प्रतिशत , 12 से 15 लाख रुपए तक की आय पर 20 प्रतिशत और 15 लाख रुपए से अधिक की आय पर 30 प्रतिशत टैक्स लगेगा।

टैक्स में हुए इस बदलाव के बाद नौकरीपेशा लोग आसानी से 17,500 रुपये की टैक्स की बचत कर पाएंगे।

पहले नई टैक्स रिजीम के तहत 0 से 3 लाख रुपए तक की आय पर शून्य टैक्स था। 3 से 6 लाख रुपए तक की आय पर 5 प्रतिशत, 6 से 9 लाख रुपए तक की आय पर 10 प्रतिशत, 9 से 12 लाख रुपए तक की आय पर 15 प्रतिशत, 12 से 15 लाख रुपए तक की आय पर 20 प्रतिशत और 15 लाख रुपए से अधिक की आय पर 30 प्रतिशत टैक्स था।

टैक्स स्लैब में राहत देने के साथ सरकार ने नौकरीपेशा लोगों को मिलने वाली टैक्स छूट 'स्टैंडर्ड डिडक्शन' में 50,000 रुपए की टैक्स छूट को बढ़ाकर 75,000 रुपए कर दिया है। बता दें कि केंद्र सरकार की ओर से पुरानी टैक्स रिजीम में किसी प्रकार का कोई भी बदलाव नहीं किया गया है। पुरानी टैक्स रिजीम में सभी टैक्स की दरों को यथावत रखा गया है।

## बजट का साइड इफेक्ट : शेयर बाजार में मचा कोहराम, निवेशकों के डूबे 10 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज आम बजट पेश कर दिया। बजट पेश करने के बाद दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स निफ्टी में बड़ी गिरावट देखने को मिली। अभी तक मिली खबरों के मुताबिक निवेशकों के 10 लाख करोड़ डूब गए। बताया जा रहा है कि बजट में सरकार ने पूंजीगत लाभ और ट्रेडिंग डेरिवेटिव पर कर बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है, इसकी वजह से शेयर बाजार में गोता लगा है। बांबे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स करीब 1200 अंकों की गिरावट के साथ 79224.32 अंकों पर आ गया, वैसे सेंसेक्स 80,724.30 अंकों पर ओपन हुआ था। निफ्टी 232.65 अंकों की गिरावट के साथ 24,276.60 अंकों पर कारोबार करता हुआ दिखाई दिया. वैसे निफ्टी 24,568.90 अंकों पर ओपन हुआ था। वैसे कृषि क्षेत्र को 1.52 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए जाने की घोषणा के बाद कृषि से जुड़े स्टॉकों में 10 फीसदी उछाल देखा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा झींगा पालन की योजना की घोषणा के बाद एपेक्स फ्रोजन फूड्स, अवंती फीड्स, वॉटरबेस शेयर में आठ फीसदी तक उछाल आया।

## कीमतें बढ़ने से बाजार में धड़ल्ले से बिक रहा सब स्टैंडर्ड काजू

**जयपुर**



काजू की कीमतों में निरंतर बढ़ोतरी के चलते काजू एवं काजू टुकड़ी में हल्के काजू की मिलावट या यूं कहें कि सब स्टैंडर्ड काजू बाजार में ज्यादा देखने को मिल रहा है। काजू में आ रही तेजी के कारण ही इसकी गुणवत्ता में कमी आई है। इन दिनों बाजार में बिकने वाले काजू में ऑयल पीस, लाल दाने तथा बड़े के साथ छोटे पीस की मिलावट देखने में आ रही है। ज्यादा मुनाफावसूली के चक्कर में हल्के काजू की बिक्री हो रही है। सूत्रों का कहना है कि काजू के भाव ऊंचे होने से कुछ व्यापारी बाजार में सब स्टैंडर्ड काजू बेच रहे हैं। इससे कस्टमर को सावधान रहने की जरूरत है। शादी, विवाह, तीज एवं त्योहारों में इन दिनों काजू टुकड़ी इस्तेमाल ज्यादा होता है, लिहाजा हमें सावधानी बरतनी चाहिए। काजू के भाव वर्तमान में 900 से 1600 रुपए प्रति किलो तक बोले जा रहे हैं।

**कैसे होती काजू की प्रोसेसिंग**

काजू एक ऐसा नट है जो सेवनुमा फल की नीचे की ओर लगा हुआ होता है। कच्चे काजू में बाहरी मोटी एवं मांसल परत होती है। इस बाहरी खोल के अंदर ऑयल होता है। सबसे अंदर स्थित काजू और इस ऑयल के बीच में एक पतली झिल्लीनुमा परत भी होती है, जो काजू को इस झिल्ली से बाहर स्थित ऑयल से मिलने से बचाती है। यदि काजू की प्रोसेसिंग के दौरान ये ऑयल काजू से मिल जाता है तो काजू कड़वा और सही मायनों में जहरीला हो जाता है। यहां पर यह समझना जरूरी है कि बाहरी खोल में स्थित ऑयल खाने योग्य नहीं होता। ध्यान रहे ऐसे काजू ग्रेवी, मिठाई या आइसक्रीम में इस्तेमाल होंगे तो इससे बने उत्पाद खाने में कड़वे एवं स्वादहीन लगेंगे।

## अभिनव बिंद्रा को मिला आईओसी का सबसे बड़ा सम्मान, 16 साल पहले ओलंपिक में जीता था गोल्ड

**नईदिल्ली**

अभिनव बिंद्रा की गिनती भारत के बेहतरीन प्लेयर्स में होती है। वह भारत के लिए निशानेबाजी में ओलंपिक गोल्ड मेडल जीतने वाले इकलौते भारतीय हैं। भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक आंदोलन में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) ने 'ओलंपिक ऑर्डर' अवॉर्ड देने का फैसला किया है। भारत के खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। भारत के यूथ अफेयर्स और स्पोर्ट्स मिनिस्टर मनसुख मंडाविया ने 'ओलंपिक ऑर्डर' से सम्मानित होने पर अभिनव बिंद्रा को बधाई दी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि ओलंपिक आंदोलन में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित होने पर अभिनव बिंद्रा को बधाई। उनकी उपलब्धि हमें गौरवान्वित करती है और वह वास्तव में इसके योग्य है। उन्होंने निशानेबाजों और ओलंपिक में भाग लेने वाली पीढ़ियों को प्रेरित किया है।




अवॉर्ड समारोह ओलंपिक के समापन से एक दिन पहले 10 अगस्त को पेरिस में 142वें आईओसी सेशन के दौरान आयोजित किया जाएगा। आईओसी अध्यक्ष ने 20 जुलाई को अभिनव बिंद्रा को संबोधित करते हुए एक पत्र में लिखा कि मुझे आपको सूचित करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आईओसी कार्यकारी बोर्ड ने ओलंपिक आंदोलन में आपकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आपको 'ओलंपिक ऑर्डर' से सम्मानित करने का फैसला किया है।

ओलंपिक ऑर्डर' इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी का सर्वोच्च पुरस्कार है, जो ओलंपिक आंदोलन में विशिष्ट योगदान के लिए दिए जाते हैं। इसके लिए नामांकन ओलंपिक ऑर्डर समिति द्वारा प्रस्तावित किए जाते हैं और कार्यकारी बोर्ड द्वारा निर्णय लिया जाता है। इस अवॉर्ड की शुरुआत 1975 में हुई थी।

अब 41 साल के हो चुके अभिनव बिंद्रा ने 2008 बीजिंग ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता था। वह ओलिंपिक खेलों में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले भारत के पहले खिलाड़ी हैं। वह 2010 से 2020 तक इंटरनेशनल निशानेबाजी खेल महासंघ की एथलीट समिति के सदस्य थे जिसमें वह 2014 से इसके अध्यक्ष रहे। वह 2018 से आईओसी एथलीट आयोग के सदस्य हैं।

## महिला एशिया कप: सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगा भारत

**दांबुला**




हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम महिला एशिया कप 2024 के 10वें मैच में नेपाल से भिड़ेगी। दोनों टीमें महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में पहली बार आमने-सामने है। इस समय ग्रुप ए की अंक तालिका में भारत शीर्ष पर है जबकि नेपाल दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ तीसरे स्थान पर है।

भारतीय टीम आज का मैच जीतकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लेगी। भारत ने टूर्नामेंट के पहले मैच में पाकिस्तान को एक एकतरफा मैच में 35 गेंद शेष रहते सात विकेट से मात दे दी। वहीं दूसरे मैच में यूएई को 78 रनों से हराकर टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज की थी।

डिफेंडिंग चैंपियन भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। शेफाली वर्मा के लिए अब तक यह टूर्नामेंट शानदार रहा है। दोनों ही मैचों में उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम को तेज शुरुआत दिलाई थी। नेपाल के लिए शीर्ष क्रम में समझना खडक़ा अहम होंगी। उन्होंने इस एशिया कप में यूएई के खिलाफ नाबाद 72 रन बनाए थे।

भारत ने अभी तक टूर्नामेंट में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है जिसे वह आगे भी जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। एशिया कप में भारत का दबदबा रहा है और हरमनप्रीत की अगुवाई वाली टीम इसे आगे भी कायम रखना चाहेगी।

स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी और विस्फोटक बल्लेबाज ऋचा घोष की तूफानी बल्लेबाजी टीम के लिए अब तक अहम रही है। जहां तक भारतीय गेंदबाजी का सवाल है तो रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है।

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। जो भी नया करना है, आज कर लें। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे। कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे।

***वृष:*** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परिवार का माहौल आपके लिए अच्छा होगा। धार्मिक गतिविधि में भी शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज ऑफिस के कार्यों में सहकर्मियों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा।

***मिथुन:*** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे। आज कोई पुरानी देन-दारी निपटाएंगे। आज दूसरों की भावनाएं समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी।

***कर्क:*** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करें। आज आप ऑफिस के रुके हुए कार्य मेहनत, धैर्य और समझदारी से पूरा कर लेंगे।

***सिंह:*** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके स्वभाव में लचीलापन रहेगा। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह देगा, यह सलाह आपके लिए कारगर साबित होगी।

***कन्या:*** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज ऑफिस में कामकाज ज्यादा रहेगा। ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए बॉस से बात करेंगे, इसमें आपको सफलता मिलेगी।

***तुला:*** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिला सकता है। किसी कारण से पिताजी आपको कोई नई जिम्मेदारी दे सकते हैं जिसे आप पूरी तरह निभाएंगे।

***वृश्चिक:*** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। कार्यस्थल पर आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा, आपको किसी काम में सहकर्मियों की मदद मिलेगी।

***धनु:*** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज दोस्तों और परिवार के साथ व्यस्त रह सकते है। आज कोई बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। कुछ नए काम अचानक सामने आ सकते हैं।

***मकर:*** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज निजी जीवन में सकारात्मकता लाने की कोशिश करेंगे। आज आपकी ज्यादातर योजनाएं पूरी हो सकती है। आज आप नये-नये लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे।

***कुंभ:*** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपनी इनकम बढ़ाने के लिए आप कुछ नए काम करने की कोशिश कर सकते हैं। बिजनेस में जो नए ऑफर मिलेंगे उन पर विचार करेंगे तो हो सकता है आपको ज्यादा फायदा हो।

***मीन:*** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप अपने कार्यों को करने में व्यस्त रहेंगे। आज आपको सकारात्मक सोच से कार्यों को पूरा करने की कोशिश करनी चाहिए। घर के जरूरी काम आज पूरा करने में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

## जाह्नवी कपूर की फिल्म उलझ का पहला गाना शौकन हुआ रिलीज



राजकुमार राव के साथ मिस्टर एंड मिसेज माही की सफलता के बाद अब अभिनेत्री जाह्नवी कपूर फिल्म उलझ के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करने को तैयार हैं।फिल्म के निर्देशन की कमान सुधांशु सरिया ने संभाली है। रोशन मैथ्यू, गुलशन देवैया और आदिल हुसैन जैसे सितारे भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।हाल ही में फिल्म का ट्रेलर सामने आया था। अब उलझ का पहला गाना शौकन रिलीज हो गया है, जिसमें जाह्नवी नशे में झूमती नजर आ रही हैं।

गाने शौकन को नेहा कक्कड़ और जुबिन नौटियाल ने मिलकर गाया है। इस गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं। शाश्वत सचदेव ने इसे कंपोज किया है। उलझ 2 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।बॉक्स ऑफिस पर उलझ का सामना विक्रांत मैसी की द साबरमती रिपोर्ट से होगी, जिसकी कहानी 2002 की गोधरा ट्रेन जलने की घटना पर आधारित है।इसके अलावा अजय देवगन की औरों में कहां दम था भी 2 अगस्त को रिलीज होगी।

गाने में जान्हवी के साथ गुलशन देवैया भी हैं। दोनों एक क्लब में डांस करते हुए और काफी एन्जॉय करते नजर आ रहे हैं। शौकन सोनी म्यूजिक इंडिया के लेबल के तहत रिलीज किया गया है।

गाने के बारे में जान्हवी ने कहा, मैं हमेशा से नेहा कक्कड़ के गानों की फैन रही हूं, और उनके साथ काम करना मेरी विश लिस्ट में शामिल था। शौकन में पहली बार उनके साथ काम करने का मौका मिला।

## डॉक्यूमेंट्री मॉडर्न मास्टर्स : एस.एस. राजामौली का ट्रेलर जारी, 2 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर होगा प्रीमियर

इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज डायरेक्टर एस.एस राजामौली की बायोपिक डॉक्यूमेंट्री मॉडर्न मास्टर: एस.एस राजामौली का ट्रेलर रिलीज हो चुका है. मॉडर्न मास्टर: एस.एस राजामौली की हाल ही में रिलीज डेट का एलान हुआ था. मॉडर्न मास्टर: एस.एस राजामौली आगामी 2 अगस्त को डिजिटल पर्दे के टॉप ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने जा रही है. एस.एस राजामौली ने पिछली बार फिल्म आरआरआर बनाई थी. इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा नोट छापे थे और इस फिल्म के सुपरहिट सॉन्ग नाटू-नाटू को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग कैटेगरी में ऑस्कर मिला था.



बता दें, मॉडर्न मास्टर: एस.एस राजामौली का ट्रेलर नेटफ्लिक्स ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर भी शेयर किया है.

## धनुष की 50वीं फिल्म रायन को मिला ए कैटेगरी का सर्टिफिकेट, एडवांस बुकिंग ओपन



इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर साउथ सिनेमा से साउथ सुपरस्टार धनुष की एक्शन-थ्रिलर और मारकाट वाली फिल्म रायन रिलीज के लिए तैयार है. रायन को धनुष ने लिखा और खुद डायरेक्ट किया है. यह दूसरी बार है जब धनुष ने कोई फिल्म डायरेक्ट की है. रायन आगामी 26 जुलाई को रिलीज होने जा रही है. रिलीज से चार दिन पहले रायन की एडवांस बुकिंग भी शुरू हो गई है. धनुष ने एक एक्स पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है. धनुष ने फिल्म रायन से अपना खून से लथपथ एक पोस्टर भी शेयर किया है. वहीं, बीते दिन रायन के प्री-रिलीज इवेंट में धनुष ने अपनी अगली फिल्म का भी एलान कर दिया है. इधर, फिल्म रायन को सेंसर बोर्ड ने ए (वयस्क) कैटेगरी का सर्टिफिकेट थमाया है.

धनुष की एडवांस बुकिंग की बात करें तो सैकनिल्क के अनुसार, 22 जुलाई को दोपहर 2 बजे तक फिल्म रायन ने तमिल भाषा में 665 शोज के लिए 34,233 टिकट सेल कर 48,22,604.41 रुपये कमा लिए हैं. वहीं, तेलुगू में फिल्म ने 133 शोज के लिए 3,920 टिकट सेल कर 6,88,975 रुपये बटोर लिए हैं. रायन ने ऑल इंडिया में 798 शोज के लिए 38,153 टिकट सेल किए हैं, जिससे उसकी कुल कमाई 55,11,5,79 रुपये हो गई है.

रायन तमिल के साथ-साथ हिंदी और तेलुगू में भी रिलीज होगी. धनुष की बतौर एक्टर रायन 50वीं फिल्म है. बीती 21 जुलाई की रात हैदराबाद में फिल्म रायन का प्री-रिलीज इवेंट हुआ. इस इवेंट में फिल्म की स्टारकास्ट धनुष, प्रकाश राज, नित्या मेनन, दुशारा विजयन, अपर्णा बाला मुरली, सुदीप किशन, कालीदास जयराम और एस जे सूर्या पहुंचे थे. इधर, रायन के प्री-रिलीज इवेंट में प्रकाश राज ने धनुष के फैंस को बड़ी गुडन्यूज दी थी. प्रकाश ने खुलासा किया था कि धनुष अपनी नई फिल्म के निर्देशन को लेकर प्लान कर रहे हैं और इस फिल्म में नित्या मेनन लीड रोल में होंगी.

## शब्द सामर्थ्य- 104

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 126 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | | म | हा | र | त |
| क | | ह | | | | | ज | न |
| | जा | न | की | | क | म | नी | य |
| | | त | म | क | ना | | | |
| म | | | त | ह | त | | दा | ब |
| सी | मा | | | ला | | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | | वा | | च |
| | | द | | | घा | ल | मे | ल |
| | ब | द | ह | वा | स | | | न |

## सू-दोकू- 104

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.126 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |